एटा-सदर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राजपूत के समर्थन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम संपंन होने के बाद भाजपा नेताओं का डोर टू डोर पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है। इसी के तहत रविवार की देर शाम को ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राजपूत ने शहर में डोर टू डोर संपर्क किया। लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताईं। इस दौरान लोगों ने फूल मालाओं से लादकर उनका जोरदार अभिनंदन भी किया। इस दौरान नीरज शर्मा, राजवीर सिंह भल्ला, कौशल साहू, रामनिवास राजपूत, डा. बीडी राना, मनोज गुप्ता, शरद गुप्ता, मनीषा गुप्ता, डा. खूब सिंह, डा. मनोज शर्मा, अमित बाबा, बबलू ठाकुर, सुनील पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे। सोमवार को कासगंज विधान सभा के प्रवासी धनराज गुर्जर ने विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क किया। भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं कासगंज विधानसभा प्रवासी धनराज गुर्जर ने बिलराम मंडल, बरखुरदारपुर, नगला पट्टी, तैयबपुर, सुजायतगंज, नगला दत्ता, सहित कई गांव में चौपालों में मतदाताओं से संवाद किया। कहा कि अपने-अपने बूथ में पहले मतदान, फिर जलपान, की नीति के तहत एवं मतदान के दिन को उत्सव के रूप में मनाना है। इस दौरान उनके साथ सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।

# तीन टूटे हुए परिवारों को मिलाया गया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में सचलित परिवार परामर्श केन्द्र में आज तीन टूटे हुए परिवारों को मिलाया गया है। पहला मामला थाना कोतवाली नगर एटा के मोहल्ला शांति नगर निवासी आयशा कश्यप पुत्री महिपाल व उसके पति निशु पुत्र हाकिम सिंह निवासी मौ0 खेरिया थाना कोतवाली नगर कासगंज का है, शादी के बाद से ही आपसी मतभेदों के चलते दोनो अलग अलग रह रहे थे, काफी प्रयास के बाद समझाने पर दोनो साथ रहने को तैयार हो गए। दूसरा व तीसरा मामला मीना पत्नी छोटे लाल निवासी नगला हब्बू लि मैनपुरी की दो बेटियों का है, जिनकी शादी 2 सगे भाइयों बॉबी, व गुलाब सिंह पुत्रगण कैलाश निवासी नगला इमलिया थाना कोतवाली देहात एटा से हुई थी और आपसी मतभेद के कारण दोनो परिवार अलग रह रहे थे।आज दोनो बहनों व उनके पति दोनो भाइयों को बुलाकर समझौता कराकर विदा किया गया, आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, गीता शर्मा, सचेन्द्र गुप्ता के अलावा परिवार परामर्श केंद स्टाफ म0है0का0 श्रीमती मिथिलेश , धर्मवीर, सुधा आदि मौजूद रहे।

# 110 करहल विधानसभा क्षेत्र: जातिगत सियासत ने फिर बदली करवट हाईप्रोफाइल सीट के सियासी समीकरण

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-110.करहल विधानसभा क्षेत्र- जातिगत सियासत ने फिर बदली करवट हाईप्रोफाइल सीट के सियासी समीकरण- .सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को भाजपा से देगे केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल चुनौती.!! उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट यादव बाहुल्य है। यहां सर्वाधिक सवा लाख यादव मतदाता हैं। दूसरे स्थान पर शाक्य और तीसरे स्थान पर बघेल और क्षत्रिय मतदाता हैं। मैनपुरी जिले में जातिगत गणित से हर बार करहल की सियासत सपा के अनुकूल रही। इसी के चलते अखिलेश यादव ने अपने लिए इस सीट को चुना था। वहीं भाजपा ने भी पलटवार करते हुए यहां जातिगत कार्ड खेला है। भाजपा के कोर वोट के साथ ही बघेल मतदाताओं को लुभाने के लिए एसपी सिंह बघेल को प्रत्याशी बनाया है द्य मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट यादव बाहुल्य है। यहां सर्वाधिक सवा लाख यादव मतदाता हैं। ऐसे में यहां सपा हमेशा जातिगत कार्ड ही खेलती रही । यादव प्रत्याशी को यहां से मैदान में उतारकर सपा यहां जीत हासिल करती रही।

## भाजपा ने भी जातिगत कार्ड खेला

बारी जब अखिलेश यादव के चुनाव







लड़ने की आई तो उन्होंने भी इसी गणित के चलते प्रदेश की 403 सीटों में से करहल को ही चुना। भाजपा के पास यहां कोई प्रत्याशी नहीं था। लंबे समय से मंथन कर रही भाजपा ने भी ऐन वक्त पर जातिगत कार्ड खेल दिया। रणनीति के तहत भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। करीब 30 हजार हैं बघेल मतदाता -दरअसल करहल में दूसरे स्थान पर शाक्य मतदाता हैं तो वहीं बघेल और क्षत्रिय तीसरे स्थान पर हैं। शाक्य और क्षत्रिय मतदाता हमेशा से ही भाजपा का कोर वोटर माना जाता रहा है। वहीं बघेल प्रत्याशी आने से 30 हजार बघेल मतदाताओं पर भी भाजपा की पकड़ बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही ब्राह्मण और लोधी मतदाताओं का

WWW.KNLSLIVE.COM

समर्थन भी भाजपा जुटाने की कोशिश कर रही है। इसी रणनीति के सहारे भाजपा करहल में सियासत की करवट बदलना चाहती है। करहल पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने के बाद से ही विशेष सीट बन गई थी तो वहीं अब भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल के आने से पूरे प्रदेश की निगाहें इसी सीट पर टिक गई हैं। करहल के जातिगत आंकड़े- यादव- 1.25 लाख, शाक्य- 35 हजार, बघेल- 30 हजार, क्षत्रिय- 30 हजार, एससी- 22 हजार, मुस्लिम- 18 हजार, ब्राह्मण- 16 हजार, लोधी- 15 हजार, वैश्य- 15 हजार करहल सीट पर कुल मतदाता-पुरुष मतदाता- 201394, महिला मतदाता- 169851, अन्य- 16, कुल मतदाता- 371261

# एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में भाजपा सपा बसपा में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार तो कांग्रेस को भी असर

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की संचालित प्रक्रिया के दौरान नामाकंन दाखिल करते ही राजा संग्राम सिंह की नगरी एटा सदर विधान सभा सीट पर छिडे चुनावी महासंग्राम में अखाड़े में उतरे विभिन्न राजनैतिक दलों के कद्दावर महायोद्धाओं नें लगोंट कसते हुये एक दूसरे को पटखनी देने के इरादे से ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में तूफानी प्रचार प्रसार करना प्रारम्भ कर दिया है ! सर्दी के सर्द मौसम में चल रहे चुनावी प्रचार व प्रसार से गांव गांव गर्मी जैसा माहौल देखने को मिल रहा है ! सुबह और शाम होते ही गांव गांव में सुलगते अगियानों पर लगने वाली चौपालों में जुडने वाले ग्रामीण मतदाताओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र के दलीय उम्मीदवारों में किनकी स्थिति मजबूत है, इसको लेकर चर्चाऐं होते होते चर्चा बहस में तब्दील हो जाती है ! एटा सदर विधान सभा सीट से इस मर्तबा भाजपा ने अपने सिटिगं विधायक विपिन वर्मा डेविड पर ही दांव खेला है तो सपा ने भी पिछले चुनाव में लगभग 21 हजार मतों के अतंर से पराजित हुऐ अपने कद्दावर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जुगेन्द्र सिंह यादव को चुनावी महासंग्राम में अखाड़े में महायुद्ध के लिए उम्मीदवार घोषित कर बडा दांव चला है ! इधर सपा से बागी हुऐ पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत एवं पटियाली विधान सभा सीट से पूर्व विधायक अजय सिंह यादव ने बसपा का दामन थामकर सुश्री बहिन मायावती से हरी झंडी मिलते ही बसपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामाकंन रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष दाखिल कर सपा की राह में कडी अड़चन उत्पन्न कर समूचे जिले में सनसनी फैला दी है ! बहराहल राजा संग्राम सिंह की सरजमीं एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में सपा भाजपा बसपा के कद्दावर उम्मीदवारों के अतिरिक्त कांग्रेस व आम आदमी पार्टी सहित कुछ अन्य निर्दलीय उम्मीदवारो ने भी अपने अपने नामाकंन दाखिल कर विधान सभा लखनऊ में पहुंचने के ख्वाब देख रखे हैं ! का चुनाव जीतते रहे तथा वह प्रदेश सरकार मे स्वास्थ्य राज्य मंत्री भी रहे ! एटा सदर विधान सभा सीट पर वर्तमान में तीन लाख तेईस हजार छै सौ एक के लगभग मतदाता निवास करते हैं तथा इस विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एटा शहर के अलावा सकीट मलावन आसपुर आदि क्षेत्र भी समाहित हैं ! इस सीट पर यादव मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है तथा दूसरे नम्बर पर लोधी जाति के मतदाताओं का प्रभुत्व है ! भाजपा से वर्तमान उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक ग्रेजुऐट है तथा इनकी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल देहरादून में हुई है, विपिन वर्मा डेविड कोल्ड स्टोर के व्यवसाय से जुडे है! उन्होने अपने पिछले कार्यकाल में तीन सौ करोड रुपए के विकास कार्य कराऐं है ! मेडीकल कालेज तथा पिलुआ से लेकर मलावन तक बाईपास का निर्माण उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है ! कुल मिलाकर 2022 के विधान सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान राजा संग्राम सिंह की सरजमीं एटा सदर पर छिडे चुनावी महासंग्राम में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बनते नजर आ रहे हैं ! तो कांग्रेस भी अपना असर दिखाए देगा।

# स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने या हमेशा खराब रहने से मरीजों को भारी परेशानिया




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूर अंचल क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने या हमेशा खराब रहने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही यह क्षेत्र जिले से लगभग 120 किलोमीटर दूरी पर मध्य प्रदेश के सीमा से लगा हुआ है और यह क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्रों में गिरा हुआ है जिससे कई गांव में सड़क नहीं होने से क्षेत्र के लोग को किसी तरह खाट और झेलगी के माध्यम से सड़क तक पहुंचाया जाता है इसके बावजूद भी सरकारी एंबुलेंस की सेवाएं हमेशा नदारद साबित होता है जिससे क्षेत्र की समस्या हमेशा बना रहता है वही समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर इस क्षेत्र में कई नवजात शिशु व माताएं बहनों का जान भी जा चुके है बिहारपुर क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं हमेशा सुर्खियों में रहता है शासन प्रशासन की लाख प्रयास के बाद क्षेत्र की समस्या जस की तस बनी हुई है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है

# मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से आत्मनिर्भर बनाने प्रदान की जाऐगी प्रोत्साहन राशि

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- योजनान्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जायेगा। जिसका उपयोग हितग्राही की पुत्री अपने शिक्षा, रोजगार अथवा स्वरोजगार को बेहतर करने पुत्री के विवाह हेतु किया जा सकेगा। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राही अविवाहित पुत्रियों को 20,000 हजार प्रोत्साहन, सहायता राशि डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे पुत्री के खाते में स्थानांतरित की जावेगी। श्रम विभाग अन्तर्गत छत्तीसग? भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत हितग्राहियों के लिए नवीन योजना मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना बनाई गई है। जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसग? शासन द्वारा 26 जनवरी 2022 को की गई थी। योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु सहायता राशि 20,000 हजार रूपये का भुगतान एकमुस्त हितग्राही के पुत्री के खाते में देय होगी।

## योजना हेतु पात्रता

ल?की के पिता या माता अथवा दोनों कम से कम एक वर्ष की अवधि से मण्डल में निर्माण किसी भी मण्डल में पंजीकृत ना हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक के केवल दो पुत्री प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होंगे। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री की आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण हो तथा 18 वर्ष 06 माह से अधिक ना हो तथा वह अविवाहित हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हो । पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री के नाम से जीवित बैंक खाता हो। आवेदन की तिथि से पूर्व के एक वर्ष की अवधि में हितग्राही कम से कम 90 दिन निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत रहा हो। प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु हितग्राही के निर्माण श्रमिक होने के सत्यापन तथा आवेदक द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी के संबंध में स्व-घोषणा पत्र अनिवार्य होगा। जिन ल?कियों के लिए हितग्राहियों को पूर्व में मण्डल अन्तर्गत संचालित मिनीमाता कन्या विवाह योजना, राजमाता विजयाराजे कन्या विवाह योजना सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है, वह इस योजना हेतु अपात्र होंगे। योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया आवेदक किसी भी च्वाईस सेंटर अथवा जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता हैं। आवेदन ऑनलाईन हेतु आवश्यक दस्तावेज हितग्राही के जीवित श्रमिक पंजीयन परिचय पत्र, हितग्राही की पुत्री का आधार कार्ड की प्रति, हितग्राही की पुत्री के बैंक पासबुक की प्रति, हितग्राही की पुत्री की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के संबंध में ( जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10वीं की अंकसूची ) प्रमाण पत्र की प्रति, हितग्राही की पुत्री के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने की अंक तालिका, जो राजकीय अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय, निजी विद्यालय द्वारा जारी की गई हो, की प्रति तथा नियोजन प्रमाण पत्र एवं स्व. घोषणा प्रमाण पत्र की प्रति । जिले के पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला श्रम कार्यालय सूरजपुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# शटर काटकर दो दुकानों से 14 मोबाईल व नगदी चोरी

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - लोधा क्षेत्र में चोरों ने दुकान का शटर काटकर मोबाईल की दुकान से 14 की पैड फ़ोन चोरी कर लिए। दूसरी घटना गांव जिरोलीडोर में मिठाई की दुकान से तीन ट्रे मिठाई एवं 5 हजार की नगदी चोरी की है। आये दिन चोरियों से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। दुकानदारों का कहना है कि पिछली चोरियों का पुलिस खुलासा भी नहीं कर पाती, इधर चोरी हो जाती है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# ई-रिक्शा की वजह से शहर में जाम की स्थिति



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - शहर की सड़कों की क्षमता इतनी नहीं है कि बेहिसाब वाहन चलाए जा सकें। मगर देखिए, वाहनों की तादाद बढ़ती जा रही है। इन पर कोई अंकुश नहीं है। मोटर व्हीकल एक्ट के दायरे में जो वाहन आते हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस है। मगर जिन वाहनों पर ये एक्ट बेअसर है, उनका क्या? ऐसे ही वाहन हैं ई-रिक्शा, इन पर अंकुश लगाने में ट्रैफिक पुलिस भी बेबस है। संभागीय परिवहन विभाग निगम द्वारा जारी किए जा रहे परमिट पर आपत्ति जता चुका है। इसके बाद भी सिलसिला जारी है।


# यूपी में भाजपा को जनता दिखाएगी बाहर का रास्ता



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा, प्रदेश केवल अपराधों और बेरोजगारी में नंबर वन बन रहा है। भर्ती में यहां घोटाले होते हैं या फिर पेपर लीक। रोजगार मांगने पर बेरोजगारों से बर्बरता होती है। योगी व मोदी सरकार की राजनीति, संदेश व हर बात झूठ की बुनियाद पर टिकी है। झूठ पर सत्ता चला रही भाजपा सरकार को यूपी की जनता बाहर का रास्ता दिखाएगी। भाजपा ने चुनाव में अपनी शब्दावली से सारी हदें पार कर दी हैं। वोट की खातिर 80-20 जैसे नारे देकर समाज को बांटना चाहती है। गांधी जी के हत्यारे नाथूराम गोडसे इनके लिए प्रासंगिक हो गया है। कांग्रेस सत्ता में आई तो 20 लाख युवाओ को रोजगार देगी। भर्तियों में एससी-एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण को सख्ती से लागू करेंगे।

# ओवरहालिंग में लाखों रुपये खर्च फिर भी नहीं चली चीनी मिल



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - कासिमपुर स्थित साथा चीनी मिल न चलने से गन्ना किसान अपनी बारी के इंतजार में स?क के सहारे सर्द रात काटने को मजबूर हो रहें है। इस कारण क्षेत्रीय गन्ना किसानों में लगातार आक्रोश पनप रहा है। जर्जर हो चुकी मिल भी पूरी तरह से अपनी क्षमता से गन्ना पेराई नही कर पा रही है। वहीं मिल यार्ड में खी सैकों ट्रोली गन्ना होने की बात को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश महामंत्री डा. शैलेंद्र पाल सिंह ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया एवं मिल बंद होने की जानकारी दी।


# राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने हटाया अतिक्रमण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर - ग्राम पंचायत नवाटोला से सपहा पहुंच मार्ग में नावाटोला तिराहा के पास सड़क पर दोनो किनारे में अवैध तरीके से अतिक्रमण सड़क के अगल-बगल बसे ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा था जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था गाड़ी निकलने में कठिनाइयां होती थी जिसको तत्काल राजस्व विभाग के तहसीलदार बिहारपुर करमचंद जटवर के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर तत्काल कब्जा हटवाया गया भविष्य में जबरन कब्जा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## धान की बोरिया लदी ट्राली में पीछे से लोडर की जोरदार टक्कर से लगी आग में लोडर ड्राइवर की जलकर हुई मौत



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा -हमीरपुर के मुस्करा थाना क्षेत्र के छानी बुंदेला गांव निवासी श्रवण कुमार सविता का 30 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार सविता सोमवार देर रात बबेरू सामान छो?ने के बाद लोडर लेकर वापस जा रहा, लोडर करीब सा? नौ बजे कस्बे के पपरेन्दा रो? स्थित धान विक्रय केंद्र विपणन शाखा में धान बेचने के लिए ख? धान भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया, टक्कर लगने से लोडर में आग लग गई, ट्रैक्टर ट्रॉलियों की रखवाली कर रहे किसानों ने घटना की जानकारी पुलिस दी। मौके पर पहुंची पुलिस की सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड ने धू-धू कर जल रहे लोडर की आग को बुझाया। लेकिन तब तक मुकेश की लोडर में ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। सीओ सदर सत्यप्रकाश शर्मा के मुताबिक परिजनों को सूचना दी गई है। शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेजा गया ।

## बांदा सदर सीट से सपा प्रत्याशी मंजुला विवेक सिंह ने नामांकन का पहला सेट किया दाखिल



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा -मंजुला सिंह लगभग 12 बजे अपने प्रस्तावकों के साथ सदर तहसील बांदा पहुंच कर कराया नामांकन, मंजुला ने कहा भाजपा से है उनकी सीधी टक्कर।अभी कुछ दिनों पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाज वादी पार्टी में शामिल होकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने इन पर भरोसा करते हुए बांदा सदर से सपा प्रत्याशी घोषित किया।

## स्वामी प्रसाद मौर्य का सुपुत्र अशोक मौर्य उर्फ उत्कर्ष मौर्य ने किया तूफानी दौरा



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद कुशीनगर के विधानसभा 332 फाजिलनगर में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का सुपुत्र अशोक मौर्य उर्फ उत्कर्ष मौर्य ने किया तूफानी दौरा गुरवालिया। जनपद कुशीनगर विधानसभा 332 फाजिलनगर में पूर्व कैविनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के सुपुत्र अशोक मौर्य उर्फ उत्कर्ष मौर्य ने सैक?ो साथियो सहित विधानसभा में जनसंपर्क करते हुए निम्न स्थानों पर गए जहाँ लोगो को आम जनता से रूबरू होते हुए पार्टी के जनाधार को तेजी से ब?ने का कार्य किया । इसी दौरान गुरवालिया बाजार में भी व्यापार मंडल अध्यक्ष के कैम्प कार्यालय पर व्यापारियों एवं आम जनता ने भव्यस्वगत किया।विधानसभा अध्यक्ष हरिलाल यादव , व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, विवेक कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाह, नंदलाल कुशवाहा, जयसिंह कुशवाहा, अमावस यादव ग्राम प्रधान, संतोष यदुवंशी, अनिरुद्ध यादव आदि सैक?ो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाकिस्तानी जेल से छूट कर घर वापस आए मछुआरे परिजनों के खिले चेहरे



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा - जनपद के तिंदवारी थाना अंतर्गत जसईपुर के रामविशाल कुशवाहा का बेटा विवेक, सिंघौली के विनोद का बेटा राजू और महेदू के प्यारेलाल का बेटा बाबू 9 नवम्बर वर्ष 2017 को गुजरात के ओखा बंदरगाह के पास समुद्र में मछली का शिकार करते समय नाव तेज हवा के झोंके में बेकाबू होकर पाकिस्तान की समुद्री सीमा में चली गई। और पाक सैनिकों ने सभी को दबोच पाकिस्तान ले गए। मछुआरों के मुताबिक मारपीट जरा भी नही की, लेकिन सवाल बहुत पूंछे। पहले एक दिन कराची में व अगले दिन लांडी जेल ले जाया गया। जहां वह सभी 4 वर्ष 3 माह बिताए हैं। पाक जेल से रिहा होने के बाद रविवार को देर शाम यहां अपने-अपने घर मछुआरे पहुंचे। मछुआरों ने अपने माता-पिता और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सभी ने उन्हें गले लगा लिया। कमाऊ पूतों के जेल में रहने से इनके घरों की आर्थिक स्थिति तंग हाल हो चुकी थी, फिर भी परिजनों ने अपने बेटों के आने की खुशी में हल्की फुल्की पार्टी भी रखी। राजू की मां मीरा नम आंखों से बोली म्वार लाल जब से पकड़ा गा रहै तब से नींद ना आवत रहै, ना खाएं का निक लागत रहै। बस भगवान का सहारा रहे, अब वहिका बाहर ना जाय दहियौ।पाक जेल में ईद के पर्व पर बिरयानी मिलती थी, उस दिन छुट्टी भी रहती थी कोई भी काम नही करना प?ता था। होली और दिवाली के त्यौहार में हम स्वयं पकवान आदि बना लेते थे। जेल में प्रतिदिन सुबह दो घण्टे हल्का फुल्का काम करना होता था लेकिन त्यौहारों में वह भी नही करना प?ता था।पाक जेल छूटे मछुवारों में विवेक, बाबू और राजू ने बताया कि मोतियों से माला, पर्स, छोटे-छोटे खिलौने, महिलाओं के सौंदर्य से जु?ी चीजें बनाकर कमाई करते थे। मछुआरों के मुताबिक वे जेल में माला बनाने का काम करने लगे थे उन्हें ढाई सौ से 300 रुपये रोजाना आमदनी हो जाती थी। उनके तैयार किए माला जेल में ही बिक जाते थे । इन्हीं पैसों से मोती और धागा तथा माला की अन्य सामग्री खरीदी जाती थी। इन्हीं पैसों से मनमुताबिक पकवान कप? आदि लेते थे । मछुआरों के परिजनों ने सरकार से कुछ मुआवजे की मांग की है, जिससे कि वह अपने बेटों की आजीविका के लिए कोई काम धंधा शुरू करवा सके। मछुआरों ने बताया कि कोरोना के दौरान सख्ती गई थी। कोरोना नियमों का पालन करते थे जसईपुर के विवेक के पिता रामविशाल कुशवाहा, सिंघौली के राजू के पिता विनोद कुशवाहा, और महेदू के बाबू कुशवाहा के पिता प्यारेलाल ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## 480820 राशनकार्डों के सापेक्ष 01 कि0ग्रा0 प्रति राशनकार्ड की दर से चना एवं नमक तथा 01 ली0 प्रति राशनकार्ड की दर से खाद्य तेल का आवंटन

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जिलाधिकारी दीपा रंजन ने समस्त उपजिलाधिकारियों को आदेश देते हुए अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र के द्वारा विभागीय पोर्टल पर अकिंत ( एन0आई0सी0 रिपोर्ट ) दिनांक 29-10-2021 के आधार पर माह दिसम्बर, 2021 तथा जनवरी, 2022 में वितरण के पश्चात उचितदर दुकान स्तर तथा गोदाम स्तर पर रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल, आयोडाईज्ड नमक एवं साबुत चना की मात्रा का समायोजन कर माह फरवरी, 2022 में वितरण हेतु आवंटन जारी किया गया है जिसके अर्न्तगत जनपद बदायूँ को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अर्न्तगत माह फरवरी, 2022 हेतु अन्त्योदय योजना के अर्न्तगत प्रचलित 44972 राशनकार्डों एवं पी0एच0एच0 योजना के 480820 राशनकार्डों के सापेक्ष 01 कि0ग्रा0 प्रति राशनकार्ड की दर से चना एवं नमक तथा 01 ली0 प्रति राशनकार्ड की दर से खाद्य तेल का आवंटन निम्नानुसार निर्गत किया गया है - चना मी0टन में नमक मी0टन में तेल ली0 में कुल आवंटन 525792 525792 525792 उचितदर विक्रेताओं पर अवशेष 81191 81190 81191 गोदाम पर अवशेष 00000 00459 72 नेफेड द्वारा माह फरवरी, 2022 में आपूर्तित की जाने वाली कुल मात्रा 444601 444143 444529 अतः दिनांक 29-10-2021 को विभागीय बेबसाईट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार एवं जनपद के ब्लाक गोदामों में तथा उचितदर विक्रेता स्तर पर अवशेष नमक, चना एवं खाद्य तेल की मात्रा को समायोजित करते हुये जनपद के विभिन्न शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित राशनकार्डों के आधार पर क्षेत्रवार ब्रेकअप संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि आप उक्त आवंटित चना, नमक एवं तेल का उठान एवं वितरण निम्नानुसार कराया जाना सुनिश्चित करें - 1. माह फरवरी, 2022 में वितरण हेतु अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थियों के लिए राशनकार्डों के आधार पर उपरोक्तानुसार निर्धारित मात्रा के अनुसार दाल/साबुत चना, आयोडाईज्ड नमक एवं खाद्य तेल की नैफेड से ब्लाक गोदामों पर प्राप्ति एवं वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। 2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों को राशनकार्ड के आधार पर प्रति राशनकार्ड 01 कि0ग्रा0 दाल/साबुत चना, 01 कि0ग्रा0 आयोडाईज्ड नमक एवं 01 लीटर खाद्य तेल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ब्लॉक गोदामों तक समस्त वस्तुओं की गुणवत्तापरक आपूर्ति दिनांक 31-01-2022 तक पूर्ण की जायेगी एवं रोस्टर के अनुसार आपूर्तित वस्तुओं की गोदाम पर प्राप्ति के उपरान्त वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। 4. नेफेड द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के दाल/साबुत चना, आयोडाईज्ड नमक एवं खाद्य तेल की आपूर्ति की जायेगी। 5. प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि आपूर्ति वस्तुओं का डायवर्जन एवं कालाबाजारी आदि न हो। 6. यदि गोदाम स्तर पर उक्त वस्तुओं की अवशेष मात्रा रहती है तो अग्रिम माहों की डिमाण्ड इन्डेण्ट में गोदाम स्तर के अवशेष मात्रा समायोजित की जायेगी। 7. शासन के पत्र दिनांक 11.11.2021 एवं खाद्यायुक्त कार्यालय के पत्र दिनांक 16.11.2021 व पत्र संख्या- 5364 दिनांक 18.11.2021 में वर्णित नियम एवं शर्तें यथावत लागू होंगे।

# दिलीप शर्मा अध्यक्ष व शिवपाल महामंत्री निर्वाचित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-इकौना तहसील अधिवक्ता संघ इकौना का चुनाव संपन्न हुआ.अध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार शर्मा व महामंत्री पद पर शिवपाल मिश्रा निर्वाचित घोषित किये गए । तहसील इकौना के अधिवक्ता संघ के निर्वाचन की प्रक्रिया एल्डर कमेटी के निर्देशन में पूर्ण कराई गई.तहसील अधिवक्ता संघ चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए दिलीप शर्मा विजय श्रीवास्तव के के श्रीवास्तव व वीरेंद्र मिश्र मैदान मे थे.दिलीप शर्मा को 72 विजय श्रीवास्तव को 40 मत मिले. जबकि के के श्रीवास्तव व वीरेन्द्र मिश्र को चार चार मत ही प्राप्त हुए इस प्रकार दिलीप कुमार शर्मा ने 32 मतों से विजय कुमार श्रीवास्तव को पराजित किया.महामंत्री पद के लिए शिवपाल मिश्र व दूधनाथ यादव मैदान मे थे. शिवपाल को 69 व दूधनाथ को 53 मत मिले. इस प्रकार शिवपाल मिश्रा ने दूधनाथ यादव को 16 मतों से पराजित किया तहसील इकौना में कुल 122 मतदाता है सभी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया अध्यक्ष पद के निर्वाचन में 2 मत अवैध पाए गए विजयी प्रत्याशियों को अधिवक्ता रामकुमार शुकला, हसमत हुसैन खान,आशुतोष पाठक शब्बीर आलम नईमी ,पाटेश्वरी प्रसाद मिश्रा, बुद्धिसागर कनोजिया, शिवराम आर्य, प्रभाकर त्रिपाठी, सुधीर कुमार शुक्ला भानु प्रताप यादव, राम कुमार यादव आदि ने बधाई दी ।

www.knlslive.com

# मतदाता जागरूकता अभियान हेतु बैठक संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए जनपद में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उन कार्यक्रमों का उद्देश्य 27 फरवरी, 2022 को मतदान की तिथि से लोगों को जागरूक करना एवं बिना किसी प्रलोभन जैसे शराब, पैसे, जेवर या अन्य किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करते हुए मतदान करना है। उन्होने बताया कि विगत कई दिवसों से जनपद में इस प्रकार के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को बुलाकर उन्हें मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाना इसके साथ ही विद्यालय में नामांकित समस्त बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाना, विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता, प्रत्येक ग्राम सभा में मतदाता जागरूकता की रैली निकालना, अध्यापकों एवं सामान्य नागरिकों के माध्यम से बाईक रैली निकालना, इण्टर कॉलेज के बच्चों के माध्यम से साईकिल रैली निकालना, गांव में सार्वजनिक स्थल पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराना, समस्त इण्टर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराना इन गतिविधियों के साथ ही जनपद के 6000 दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की तिथि में मतदान केन्द्रों पर आकर मतदान करने हेतु उन्हें पोस्टकार्ड के माध्यम से आमंत्रण भेजना, वृद्ध मतदाताओं को इस बात के लिए सम्मानित करना कि उनके द्वारा जीवन में अनेक बार वोट के माध्यम से लोकतन्त्र को मजबूत किया गया है। युवाओं को उनके बेहतर प्रदर्शन हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कार्टून चित्रों के माध्यम से आम मतदाताओं को 27 फरवरी, 2022 को बड़ी संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। रोचक कार्टून श्रृंखला के माध्यम से सभी वर्ग के मतदाताओं को एक सार्थक संदेश दिया जाता है जो समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचता है एवं लोग मतदान की तिथि से जागरूक होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दिवसों में इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे जो मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित होंगे।

www.knlslive.com

# गड्ढे में मिला महिला का शव

## क्षेत्र में फैली सनसनी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- कोतवाली क्षेत्र भिनगा के लक्ष्मनपुर बाजार स्थित कब्रिस्तान के पास एक गड्ढे में अधेड़ महिला का शव पड़ा मिला। इस दौरान कुछ लोग कब्रिस्तान से होकर अपने खेतों की ओर जा रहे थे। लोगों की नजर गड्ढे में पड़े महिला के शव पर पड़ी। लोगों ने नजदीक जाकर देखा लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। लोगों ने यह खबर गांव में दी तो ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद लोगों ने प्रधान प्रतिनिधि निजामुद्दीन उर्फ पांडेय को मामले से अवगत कराया। इस पर प्रधान प्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंच गए। काफी देर तक लोग महिला की पहचान में जुटे रहे। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लक्ष्मनपुर चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह तोमर टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान कराने में जुट गई। इस दौरान कुछ लोगों ने बताया कि अमरहवा में किसी मंदबुद्धि महिला के लापता होने की क्षेत्र में चर्चा है। इस पर पुलिस ने अमरहवा प्रधान को सूचित किया। अमरहवा के प्रधान तत्काल मौके पर पहुंच गए। प्रधान के पहुंचने के बाद शव की पहचान अमरहवा निवासी रामादेवी ( 42 ) पत्नी छांगुर के रूप में हुई। इसके बाद महिला के परिजनों को मौके पर बुलाया गया। पंचनामा के बाद शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार महिला की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। रात करीब 12 बजे से अचानक महिला लापता हो गई थी। परिजनों की ओर से महिला की खोज की जा रही थी। लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नायब तहसीलदार ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से कोरोना टीका लगवाने की अपील की

टीका लगवाने के लिए अफसर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद कुशीनगर तमकुही विकास खण्ड के क्षेत्र में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए टीका लगाने का अभियान चल रहा है। वैक्सीन के संबंध में भ्रांतियों और अफवाहों के कारण लोग वैक्सीन से बच रहे हैं। ऐसे में प्रशासनिक अफसर मंगलवार को घर-घर जाकर लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मुस्तैदी से काम पर लगा हुआ हैं। अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहित पंच-सरपंच लोगों को कोरोना संक्रमण से बचने आवश्यक नियमों का पालन करने और टीका लगवाने के लिए गांव में घर घर जाकर प्रेरित कर रहे हैं। सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। इसी क्रम मे, नायब तहसीलदार आशीष रंजन,हल्का लेखपाल, राजीव कुमार,बीडीसी जावेद अख्तर, और रोजगार सेवक ने क्षेत्र के करमैनी,भेलया,चन्द्रोटा अटरडीहा, जवार भैंसहा मोगलपुरा सहित के गांव में घर-घर जाकर लोगों को वैक्सीन के लिए प्रेरित किया। साथ ही बुजुर्ग महिलाओं एवं लोगों को टीका केंद्र पर ले जाने के लिए उनके गृह स्वामी से निवेदन भी किया । इस तरह प्रशासनिक अमले ने जुनून के साथ काम करते हुए लोगों को टीका लगाने के लिए प्रोत्साहित कर टीका से जुड़ी सभी तरह की भ्रांति को दूर किया गया।